प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

19 जून 2025

# वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,936 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। इनमें अनुक्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) और वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) परिवर्तनों के अध्ययन को सक्षम बनाने के लिए 2023-24 की चौथी तिमाही और 2024-25 की तीसरी तिमाही के तुलनीय आंकड़े भी शामिल हैं (https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Listed%20Non-Government%20Non-Financial%20Companies)।

## मुख्य बातें

### बिक्री

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान 7.1 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि (2023-24 की चौथी तिमाही में 6.9 प्रतिशत) हुई थी (तालिका 1ए)।
- 1,659 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की कुल बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) पिछली तिमाही के 7.7 प्रतिशत से घटकर 2024-25 की चौथी तिमाही में 6.6 प्रतिशत रह गई; जबकि विद्युत मशीनरी, रसायन, खाद्य उत्पाद और औषधि उद्योग जैसे प्रमुख उद्योगों ने दोहरे अंकों में बिक्री वृद्धि दर्ज की; पेट्रोलियम उद्योग के कमजोर प्रदर्शन से इस क्षेत्र की बिक्री वृद्धि में कमी आई (तालिका 2ए और 5ए, चार्ट 1)।




***स्रोत:*** *कैपिटालाइन डेटाबेस और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

- वार्षिक आधार पर, आईटी कंपनियों की बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) चौथी तिमाही में बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछली तिमाही में 6.8 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व 3.1 प्रतिशत थी।
- दूरसंचार और परिवहन एवं भंडारण कंपनियों के अच्छे प्रदर्शन के कारण गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री चौथी तिमाही में दोहरे अंक में 10.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

**व्यय**

- विनिर्माण कंपनियों का कच्चे माल पर व्यय उनकी बिक्री वृद्धि के अनुरूप 8.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, तथापि, पिछली तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही के दौरान बिक्री की तुलन में कच्चे माल का अनुपात व्यापक तौर पर स्थिर रहा (तालिका 2ए और 2बी)।

- 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों की कर्मचारी लागत में क्रमशः 10.0 प्रतिशत, 6.4 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए बिक्री की तुलना में कर्मचारी लागत का अनुपात व्यापक तौर पर क्रमशः 5.5 प्रतिशत, 48.0 प्रतिशत और 10.1 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

**कीमत निर्धारण क्षमता**

- विनिर्माण और गैर-आईटी सेवा कंपनियों का परिचालन लाभ चौथी तिमाही के दौरान क्रमशः 8.1 प्रतिशत और 18.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आईटी कंपनियों के लिए इसमें मामूली रूप से 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई (तालिका 2ए)।

- विनिर्माण और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए परिचालन लाभ मार्जिन में चौथी तिमाही के दौरान क्रमिक रूप से क्रमशः 14.7 प्रतिशत और 23.0 प्रतिशत तक सुधार हुआ, जबकि आईटी कंपनियों के

लिए यह पिछली तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में 190 आधार अंक घटकर 21.3 प्रतिशत रह गया (तालिका 2बी और चार्ट 2)।




***स्रोत:** कैपिटालाइन डेटाबेस और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

**ब्याज व्यय**

- लाभ में क्रमिक वृद्धि के साथ, विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] पिछली तिमाही के 7.6 से बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 8.7 हो गया। गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए आईसीआर स्थिर रहा और एक से ऊपर बना रहा, जबकि चौथी तिमाही के दौरान आईटी सेवा कंपनियों के लिए इसमें सुधार हुआ (तालिका 2बी)।

[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय और ब्याज व्यय का अनुपात) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। व्यवहार्य कंपनी के लिए आईसीआर का न्यूनतम मान 1 है।

**तालिकाओं की सूची**


| **तालिका सं.** | | **शीर्षक** | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |


**नोट:**

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/565**